# राष्ट्रीय युवा नेतृत्व कार्यशाला 2026

(सहयोगात्मक नेतृत्व और सह-अधिगम का मंच)

16-18 सितंबर 2026 | ऋषिकेश, उत्तराखंड

## आमंत्रण

हम आपको 'राष्ट्रीय युवा नेतृत्व कार्यशाला 2026' में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित करते हैं। यह तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला उन युवाओं के लिए एक मंच है जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऋषिकेश की शांत और प्रेरणादायक गोद में आयोजित यह कार्यक्रम, युवा नेतृत्वकर्ताओं को एक-दूसरे से सीखने, नेटवर्क बनाने और सामाजिक विकास के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को निखारने का अवसर प्रदान करेगा।

## संकल्पना: 'एक-दूसरे से सीखें, मिलकर नेतृत्व करें'

पारंपरिक व्याख्यान आधारित कार्यशालाओं से आगे बढ़कर, यह कार्यशाला 'सह-सृजन और पारस्परिकता' के सिद्धांत पर आधारित है। हम मानते हैं कि सबसे प्रभावी सीख किताबों से नहीं, बल्कि जमीनी अनुभवों, सफलताओं और असफलताओं को आपस में बांटने से आती है। ऋषिकेश में इस तीन दिवसीय मंच पर कोई 'वक्ता और श्रोता' का पारंपरिक फासला नहीं होगा, बल्कि हर प्रतिभागी एक 'सह-प्रस्तावक' (Co-learner & Change Maker) होगा। यहाँ युवा अपनी जमीनी वास्तविकताओं, चुनौतियों और नवाचारों को साझा करेंगे और एक-दूसरे के अनुभवों से व्यावहारिक समाधान निकालेंगे।

कार्यशाला के दौरान सीखने की प्रक्रिया को गतिशील और सहभागी बनाने के लिए निम्नलिखित विशेष सत्र विधियों का उपयोग किया जाएगा:

1. प्रतिभागी अपने-अपने समुदायों या संगठनों की वास्तविक समस्याओं को समूह के सामने रखेंगे। सहपाठी और युवा साथी मिलकर व्यावहारिक समाधान तैयार करेंगे।
2. स्टेज से दिए जा रहे भाषण सुनने के बजाय, प्रतिभागी छोटे-छोटे समूहों में बैठकर नेतृत्व, सामाजिक उद्यमिता और जलवायु परिवर्तन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर मुक्त संवाद करेंगे।

3. केवल सफलताओं ही नहीं, बल्कि सामाजिक विकास के क्षेत्र में आने वाली असफलताओं और उनसे मिलने वाले सबक पर खुलकर चर्चा होगी, जिससे युवा एक-दूसरे की गलतियों से सीख सकें।
4. युवा मिलकर विभिन्न सामाजिक मुद्दों (जैसे शिक्षा, आजीविका, सतत विकास, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण आदि) पर जमीनी स्तर के एक्शन प्लान और अभियानों के मॉडल डिजाइन करेंगे।

## चर्चा के बिन्दु

- लोकतान्त्रिक प्रक्रियाएं और जमीनी नेतृत्व
- जमीनी स्तर पर सह-नेतृत्व
- एडवोकेसी, नेगोशिऐशन और स्टेकहोल्डर
- सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिकता
- सहयोग, विविधता का सम्मान और प्रबंधन
- सहानुभूति और सहयोग आधारित सामाजिक उद्यमिता
- रचनात्मकता, नेटवर्किंग और डिजिटल दुनिया

## कार्यशाला के लिए पात्रता और पंजीकरण

- **आयु सीमा:** 18 से 30 वर्ष के युवा, जो सामाजिक विकास, एनजीओ, स्वयंसेवा या सामुदायिक पहलों से जुड़े हैं।
- **प्रवेश सीमित:** 25 सीट
- **पंजीकरण की अंतिम तिथि:** 28 अगस्त 2026
- **पंजीकरण लिंक**:https://forms.gle/oLg7ciAErsQtzr588

आइए, इस कार्यशाला में केवल ज्ञान प्राप्त करने नहीं, बल्कि अपने अनुभवों को साझा कर एक मजबूत युवा नेटवर्क का निर्माण करने के लिए जुड़ें।

***नोट:*** *चयनित प्रतिभागियों को 29 अगस्त 2026 की रात तक चयन की सूचना ईमेल द्वारा प्रेषित की जाएगी।*

*यह कार्यशाला पूर्णत: नि:शुल्क है। प्रतिभागियों का 3AC ट्रेन/बस का यात्रा व्यय कार्यशाला के बाद बैंक भुगतान के माध्यम से  किया जाएगा।*